आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–10 फरवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना कल विधानसभा में बजट पेश करेंगे। एक रिपोर्ट–

योगी आदित्यनाथ सरकार का यह बजट काफी अहम माना जा रहा है। ये बजट लगभग 9 लाख करोड़ रुपये के आसपास हो सकता है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पहली बार पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2025–26 में उत्तर प्रदेश का कुल बजट करीब 8.33 लाख करोड़ रुपये का था। योगी सरकार के इस दसवें बजट में लोक निर्माण, सड़क, पुल, आवास, ग्रामीण विकास, परिवहन और शिक्षा जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता मिलने की संभावना है। अवस्थापना सुविधाओं पर भी भारी निवेश की उम्मीद है, ताकि प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सके। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।

****

उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है जिसने विकास की गति और औद्योगीकरण में तेजी को दर्शाते हुए अपनी अलग 'आर्थिक सर्वेक्षण' रिपोर्ट प्रस्तुत किया है। एक रिपोर्ट–

राज्य का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान वर्ष 2016–17 में आठ दशमलव छह प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2024–25 में नौ दशमलव एक प्रतिशत हो गया है। सर्वेक्षण में यह भी कहा गया है कि राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2016–17 में 13 दशमलव तीन शून्य लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024–25 में 30 दशमलव दो पांच लाख करोड़ रुपये हो गया है। जो दोगुने से भी अधिक है, और 2025–26 में इसके 36 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।

****

प्रदेश विधानमण्डल में आज बजट सत्र की कार्यवाही में दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गयी। विधानसभा में दिवंगत विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल और विजय सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों नेताओं के योगदान को याद किया और उनके प्रति श्रद्धा–सुमन अर्पित किया। इसके बाद विधानसभा सत्र की कार्यवाही कल ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित कर दी गयी।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लोक भवन में आयोजित उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में ईको–टूरिज्म को रोजगार सृजन, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास का प्रमुख आधार बताते हुए इसके लिए एक समग्र एवं समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। एक रिपोर्ट–

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की समृद्ध जैवविविधता, वन क्षेत्रों और प्राकृतिक विरासत में ईको–टूरिज्म की अपार सम्भावनाएं निहित हैं, जिन्हें योजनाबद्ध ढंग से धरातल पर उतारने की आवश्यकता है। इसके लिए निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि ईको–टूरिज्म को एक सशक्त और टिकाऊ उद्योग के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि गोरखपुर का कुसम्ही जंगल, अयोध्या का कुमारगंज क्षेत्र, गाजीपुर का कामाख्या वन पार्क तथा लखीमपुर खीरी की महेशपुर रेंज जैसे सम्भावनाशील क्षेत्रों को पी0पी0पी0 मॉडल के माध्यम से विकसित किया जाए और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएं। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।

लखनऊ में ही आयोजित राज्य वन्यजीव परिषद की एक अन्य बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्यजीव संवेदनशील क्षेत्रों में प्रस्तावित सभी विकास एवं निर्माण कार्य वैज्ञानिक मानकों, न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव और विधिक प्रक्रियाओं के पूर्ण अनुपालन के साथ ही किए जाएं।

****

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत–अमरीका व्यापार समझौता राष्ट्रीय हित में सर्वोत्तम समझौता है। मथुरा में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि इस समझौते में किसानों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है।

भारत के किसानों के हितों पर उन्होंने आंच नहीं आने दी। किसानों के हित को सर्वथा सुरक्षित किया गया है, यह समझौता उदाहरण है, डिप्लोमेसी, डेवलपमेंट और डिग्निटी का भारत के किसान महिला और युवाओं के सपनों को नए पंख देगा। जिससे वह प्रगति और विकास की ऊंची उड़ान भर सकेंगे।

वहीं, ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा है कि विकसित भारत– रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण अधिनियम केवल एक रोजगार कार्यक्रम नहीं बल्कि ग्रामीण विकास को गति देने के लिए तैयार किया गया एक व्यापक ढांचा है।

****

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज बस्ती में ट्रांसजेंडर समुदाय के जिये स्थापित गरिमा गृह का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने संवाद कार्यक्रम के माध्यम से सभा में उपस्थित लोगों से बातचीत कीं और उनके सवालों के जवाब भी दिये। अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि अस्पतालों, रेस्टोरेंट एवं अन्य संस्थानों में ट्रांसजेंडरों को रोजगार के अवसर दिये जाने चाहिए।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी होने की भी संभावना है।

****